दिन– गुरूवार दिनांक– 03 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. निर्वाचन आयोग ने बिहार में चल रहे विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान में पारदर्शिता के लिए राजनीतिक दलों से और अधिक बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने का आह्वान किया।

02. राज्य सरकार ने मतदाता सूची पुनरीक्षण से जुड़े अधिकारियों और कर्मियों के तबादले पर रोक लगाई।

03. सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने कहा – प्रदेश में मखाना उत्पादक किसानों के हितों की रक्षा के लिए मखाना सहकारिता फेडरेशन का किया जाएगा गठन।

04. और, बीएसएफ में तैनात भोजपुर जिले की सपना कुमारी ने अमरीका के अलबामा में आयोजित विश्व पुलिस गेम्स के तीरंदाजी प्रतियोगिता में दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीता।

---

निर्वाचन आयोग ने बिहार में चल रहे विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर राजनीतिक दलों से और अधिक बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने का आह्वान किया है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि पुनरीक्षण अभियान में पारदर्शिता बनाए रखने और मतदाताओं की सुविधा के लिए दलों को अधिक से अधिक बीएलए नियुक्त करना चाहिए। श्री कुमार ने नई दिल्ली में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में राज्य में चल रहे मतदाता पुनरीक्षण अभियान के विभिन्न पहलुओं पर गहन विचार विमर्श किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में विभिन्न राजनीतिक दलों ने एक लाख चौवन हजार नौ सौ सतहत्तर बूथ लेवल एजेंट नियुक्त किये गये हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य सभी पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करना है। चौबीस जून दो हजार पच्चीस को प्रकाशित मतदाता सूची के अनुसार राज्य में सात करोड़ नब्बे लाख मतदाता हैं। अभी सतहत्तर हजार आठ सौ पंचानवे बीएलओ घर–घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र उपलब्ध करा रहे हैं। बीस हजार छह सौ तीन और बीएलओ को इस काम में लगाया जााएगा। एक जनवरी दो हजार तीन को प्रकाशित मतदाता सूची में शामिल किसी भी मतदाता को गणना प्रपत्र के अलावा किसी अन्य प्रकार के दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी।

---

निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि बिहार में चल रहे विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर केवल राजनीतिक दलों के प्रमुखों के अनुरोध का ही संज्ञान लिया जाएगा। आयोग ने कहा है कि इस प्रक्रिया को लेकर राजनीतिक दलों का प्रतिनिधित्व का दावा करने वाले कई लोगों ने चर्चा के लिए आयोग से समय की मांग की है। आयोग ऐसे सभी लोगों का संज्ञान नहीं लेगा और अनधिकृत व्यक्तियों के ऐसे अनुरोधों को खारिज कर देगा।

---

राज्य सरकार ने मतदाता सूची पुनरीक्षण से जुड़े अधिकारियों और कर्मियों के तबादले पर रोक लगा दी है। मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने इस संबंध में सभी प्रमंडलीय आयुक्त और जिलाधिकारियों को आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में शामिल सभी पदाधिकारी और कर्मी की शतप्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही इनके द्वारा निष्पादित किये जाने वाले विभागीय कार्यों के लिए समुचित वैकल्पिक व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए।

---

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया का विरोध कर विपक्षी पार्टियां बिहार विधानसभा चुनाव में अपनी होने वाली हार का ठीकरा आयोग पर फोड़ना चाहती है। श्री पासवान आज पटना में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

———बाइट———

---

विधानसभा चुनाव को देखते हुए जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में पार्टी नेताओं के साथ बैठक की। बैठक में जिला स्तर तक के पार्टी पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक के दौरान मुख्य रूप से विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की गई।

---

राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस ने कहा है कि उनकी पार्टी महागठबंधन में शामिल होगी। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि वे बिहार विधानसभा चुनाव महागठबंधन के बैनर तले लड़ेंगे।

———————————————————

आम आदमी पार्टी बिहार विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। पार्टी के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने गुजरात के अहमदाबाद में पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पार्टी ने पंजाब में अकेले चुनाव लड़ा और उनकी सरकार बनी। बिहार में भी पार्टी पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ेगी।

———————————————————

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि लोकतंत्र में शहरी स्थानीय निकायों की महत्वपूर्ण भूमिका है। श्री बिरला आज हरियाणा के मानेसर में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन के उदघाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

———बाइट———

नगरीय सरकार लोकतंत्र का सबसे मजबूत स्तंभ है। आम जनता से अगर सीधा संवाद है तो नगरीय सरकार के प्रतिनिधियों से है। हमारी नगरीय सरकार में जितना लोकतंत्र सशक्त होगा उतने ही हम लोकतंत्र के माध्यम से अपने—अपने क्षेत्र की जनता की अपेक्षा, आकांक्षाओं को पूरा कर पाएंगे।

दो दिन के इस सम्मेलन का विषय है—संवैधानिक लोकतंत्र और राष्ट्र निर्माण को मजबूत करने में शहरी स्थानीय निकायों की भूमिका।

———————————————————

प्रदेश में मखाना उत्पादक किसानों के हितों की रक्षा के लिए मखाना सहकारिता फेडरेशन का गठन किया जाएगा। सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने आज यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दरभंगा, मधुबनी, सहरसा, सुपौल, कटिहार और पूर्णिया जिले में इसके गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है।

———बाइट———

———————————————————

प्रदेश में मानसून के प्रभाव से बारिश का सिलसिला जारी है। कैमूर, रोहतास, जमुई और बांका जिले मे कुछ स्थानों पर मूसलाधार बारिश हुई है। बांका जिले के कटोरिया में सबसे अधिक इकतालीस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग ने कल कैमूर, रोहतास और औरंगाबाद जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं, राज्य के शेष हिस्सों में भी तेज हवा के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

———बाइट———

इधर, मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बिहार में जून महीने में सामान्य से सैंतीस प्रतिशत कम बारिश हुई है। इस अवधि में एक सौ छियासी मिलीमीटर बारिश होनी चाहिए थी, लेकिन एक सौ अठारह मिलीमीटर ही बारिश हुई। वहीं, पटना में सामान्य से तैंतीस प्रतिशत कम बारिश रिकॉर्ड की गयी।

———————————————————

केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने बाढ़ की चेतावनी जारी करने के लिए यूनिफाइड फ्लड फॉरकास्टिंग सिस्टम की शुरूआत की है। यह प्रणाली वास्तविक समय में बाढ़ मानचित्र और जल स्तर का पूर्वानुमान देने में सक्षम है। इससे दो दिन पहले बाढ़ की चेतावनी दी जा सकेगी।

———————————————————

श्रीअमरनाथ जी की वार्षिक यात्रा सुचारू रूप से चल रही है। अड़तीस दिन तक चलने वाली यात्रा दोनों मार्गों –दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में पहलगाम और मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में बालतल से आज शुरू हुई। हमारे संवाददाता ने बताया है कि दोनों मार्गों से कडी सुरक्षा के बीच आज सुबह श्रद्धालुओं ने यात्रा शुरू की। एक रिपोर्ट...

———रिपोर्ट———

आज सुबह पहलगाम मार्ग पर तीन हजार से अधिक श्रद्धालुओं को चंदनवाड़ी की ओर जाने की अनुमति दी गई जबकि नौ हजार से अधिक तीर्थयात्रियों को बालतल, गांदरबल बेस कैंप से पवित्र गुफा की ओर जाने की अनुमति दी गई। दोनों मार्गों पर सभी प्रकार की व्यवस्थाओं, सुविधाओं और सुरक्षित वातावरण से यात्री बहुत प्रसन्न और संतुष्ट नजर आ रहे हैं। सुरक्षित, निर्बाध और संरक्षित तीर्थ यात्रा के लिए विस्तृत अचूक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पांच हजार से अधिक तीर्थ यात्रियों के एक नए जत्थे को और आज सुबह जम्मू के भगवती नगर बेस कैंप से रवाना किया गया। तारिख राथर, आकाशवाणी समाचार, श्रीनगर।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज राजभवन में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां से मुलाकात की। लगभग तीस मिनट तक चली इस मुलाकात के दौरान वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों साथ–साथ विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति पर विचार विमर्श किया गया।

---

प्रोफेसर उपेंद्र प्रसाद सिंह को पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया है। इस संबंध में राजभवन ने अधिसूचना जारी कर दी है। उनका कार्यकाल नियुक्ति की तिथि से तीन वर्षों के लिए होगा। प्रो. सिंह पटना स्थित टीपीएस कॉलेज के प्राचार्य पद से सेवानिवृत हुए हैं।

---

राज्यपाल सह कुलाधिपति आरिफ मोहम्मद खां के निर्देश पर राज्य के पारंपरिक विश्वविद्यालयों की समस्याओं के समाधान के लिए तीन सदस्यीय कमिटी का गठन किया गया है। इस कमिटी में पटना विश्वविद्यालय, पूर्णिया विश्वविद्यालय और जयप्रकाश नारायण विश्वविद़्यालय, छपरा के कुलपति शामिल हैं। यह कमिटी समर्थ पोर्टल की समस्या के निराकरण और उसके कार्यान्वयन के लिए पंद्रह दिनों के अंदर अपनी रिपोर्ट शिक्षा विभाग को सौंपेगी।

---

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने सहरसा के जिला मत्स्य पदाधिकारी सुबोध कुमार को चालीस हजार रूपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अधिकारी शिकायतकर्ता से प्रधानंत्री मत्स्य योजना के तहत मछली बिक्री केंद्र के निर्माण के अनुदान देने के नाम पर घूस ले रहा था।

---

निगरानी जांच ब्यूरो ने घूसखोरी के मामले में इस वर्ष जून महीने तक छियालीस अधिकारियों और कर्मियों को गिरफ्तार किया है। यह पिछले वर्ष इसी अवधि की तुलना में लगभग चार गुना अधिक है। इस वर्ष सबसे अधिक आठ सरकारी कर्मियों की गिरफ्तारी पटना से हुई है। ब्यूरो के अनुसार इस वर्ष रिश्वतखोरी के इक्कीस मामलों का अनुसंधान पूरा किया जा चुका है, जबकि तेईस मामलों में आरोप पत्र दायर किये जा चुके हैं।

---

रेलवे ने रामायण यात्रा टूर पैकेज में माता सीता की जन्मस्थली सीतामढ़ी के पुनौराधाम और नेपाल के जनकपुर स्थित जानकी मंदिर को भी शामिल किया है। आईआरसीटीसी से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस पैकेज के तहत प्रभु श्रीराम से जुड़े धार्मिक स्थलों का श्रद्धालुओं को दर्शन करवाया जाएगा। यह यात्रा पच्चीस जुलाई को अयोध्या से शुरू होगी और रामेश्वरम में समाप्त होगी।

---

सीमा सुरक्षा बल, बीएसएफ में तैनात भोजपुर जिले की सपना कुमारी ने अमरीका के अलबामा में आयोजित विश्व पुलिस गेम्स में तीन पदक जीते हैं। सपना ने तीरंदाजी प्रतियोगिता की अलग–अलग श्रेणियों में ये पदक प्राप्त किये। सपना ने फील्ड आर्चरी में स्वर्ण, थ्री डी आर्चरी में स्वर्ण और टारगेट आर्चरी में रजत पदक जीता है।

---

अररिया नगर थाना क्षेत्र के कोचगामा नहर के पास पिछले दिनों हुई लूट के एक मामले में पुलिस ने छह अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. निर्वाचन आयोग ने बिहार में चल रहे विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान में पारदर्शिता के लिए राजनीतिक दलों से और अधिक बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने का आह्वान किया।

02. राज्य सरकार ने मतदाता सूची पुनरीक्षण से जुड़े अधिकारियों और कर्मियों के तबादले पर रोक लगाई।

03. सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने कहा – प्रदेश में मखाना उत्पादक किसानों के हितों की रक्षा के लिए मखाना सहकारिता फेडरेशन का किया जाएगा गठन।

04. और, बीएसएफ में तैनात भोजपुर जिले की सपना कुमारी ने अमरीका के अलबामा में आयोजित विश्व पुलिस गेम्स के तीरंदाजी प्रतियोगिता में दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीता।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।